DOON UNIVERSITY
NEWSPAPER CLIPPING SERVICES

रुकमा को बेवफा बता हत्या कर दी और फिर खुद को मार लिया

शेक्सपियर के ओथेलो पर आधारित गढ़वाली नाटक का मंचन

माई सिटी रिपोर्टर

दून विवि में नाटक का मंचन करते कलाकार । स्रोत: आयोजक

देहरादून। दून विश्व में रंगमंच और लोक कला विभाग ने शेक्सपियर के ओथेलो पर आधारित गढ़वाली नाटक रुमेलो का मंचन किया। इसमें दिखाया गया कि रुमेलो कैसे रुकमा को बेवफा बताकर उसकी हत्या कर देता है फिर आत्महत्या भी कर लेता है।

इस नाटक का लेखन दिनेश बिजल्वाण और निर्देशन डॉ. अजीत पंवार ने किया। उत्तर नाट्य संस्थान, रंगमंच और लोक कला विभाग दून विवि के संयुक्त तत्वाधान में विश्व रंगमंच दिवस के उपलक्ष्य में सात दिवसीय नाट्य समारोह का समापन दो अप्रैल को हो गया। डॉ. अजीत पंवार ने बताया कि रुमेलो शेक्सपियर के नाटक ओथेलो पर आधारित गढ़वाली नाटक है। यह कथा रुमेलो नाम के एक बहादुर योद्धा के बारे में है जो बुलेठ गढ़ की सेवा करता है। नाटक की शुरुआत में रुमेलो बुलेठ गढ़ के अमीर कलदार साह की बेटी रुकमा से शादी करता है। हालांकि, ओथेलो की खुशी अल्पकालिक है। बिघ्नी एक खलनायक है जो रुमेलो से ईर्ष्या करता है और उसको मारने की साजिश रचता है।

बिघ्नी ओथेलो को यह विश्वास दिलाने में सफल होता कि रुकमा बेवफा है, जिसके कारण रुमेलो रुकमा की हत्या करता है और फिर खुद को मार लेता है। नाटक रुमेलो और रुकमा दोनों की मृत्यु और उनके विवाह के विनाश के साथ समाप्त हो जाता है। मुख्य भूमिकाओं में सृजन डंगवाल, साक्षी देवरानी, सृजन जोशी, अनन्य डोभाल, अंशुमन, आयुष चौहान, सिद्धार्थ डंगवाल समेत अन्य कलाकार शामिल रहे। मंच संचालन डॉ. राकेश भट्ट ने किया।

News paper – Amar Ujala
Date – 3.04.2024